# उ.प्र.राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

## व्याख्यान कार्यक्रम

## 'साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेसिंह का व्यक्तित्व'

**दिनांक : 26 दिसम्बर, 2022** **समय : अपराह्न 03:30 बजे**

| | | |
|---|---|---|
| दीप प्रज्वलन | – | अतिथियों द्वारा |
| माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण | – | |
| अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन | – | |
| वाचिक स्वागत तथा अतिथि–परिचय | – | प्रो. सत्यपाल तिवारी<br>निदेशक, मानविकी विद्याशाखा (संयोजक) |
| मुख्य वक्ता द्वारा उद्बोधन | – | डॉ. एस.पी.सिंह, सह–आचार्य, संस्कृत<br>सी.एम.पी. डिग्री कालेज, प्रयागराज |
| अध्यक्षीय उद्बोधन | – | प्रोफेसर सीमा सिंह<br>मा. कुलपति |
| धन्यवाद ज्ञापन | – | प्रो. विनोद कुमार गुप्त<br>आचार्य, संस्कृत |
| राष्ट्रगान | – | |
| संचालन | – | डॉ. साधना श्रीवास्तव<br>असिस्टेन्ट प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनंसचार |

**कार्यक्रम स्थल – तिलक शास्त्रार्थ सभागार, सरस्वती परिसर**
**उ.प्र.राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज**

News Letter

# मुक्त चिन्तन

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

26 दिसम्बर, 2022



## मुक्त विश्वविद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन



*दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर एस.पी. सिंह तथा साथ में निदेशक, मानविकी विद्याशाखा प्रोफेसर सत्य पाल तिवारी*

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सोमवार दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 को मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में **वीर बाल दिवस** के अवसर पर साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह का व्यक्तित्व विषय पर व्याख्यान एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ एस पी सिंह सह अचार्य, संस्कृत, सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी ने की।

अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम के बारे में मानविकी विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ साधना श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्त ने किया।

इस अवसर पर **संस्कृति की रक्षा में सिखों का योगदान** विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शोध छात्र दिग्विजय सिंह ने प्रथम, विशाल भारतीय ने द्वितीय तथा संजय सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं मुख्य वक्ता डॉ एस पी सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।




कार्यक्रम का संचालन करती हुई डॉ0 असि. प्रोफेसर डॉ0 साधना श्रीवास्तव एवं मंचासीन माननीय अतिथिगण



मुख्य वक्ता प्रोफेसर एस.पी. सिंह को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र भेंट करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी



माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान करते हुए प्रो0 सत्य पाल तिवारी



प्रो0 सत्य पाल तिवारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए डॉ0 शिवेन्द्र सिंह






*अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम के बारे में बताते हुए मानविकी विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी*







# बच्चों में डाले जाएं जोरावर और फतेह सिंह जैसे संस्कार –डॉ सिंह




डॉ. एस. पी. सिंह

मुख्य वक्ता डॉ. एस. पी. सिंह सह अचार्य, संस्कृत, सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के दो छोटे साहिबजादा जोरावर सिंह फतेह सिंह का बलिदान वय में छोटे होने से अधिक अनुकरणीय एवं महत्व रखता है। शिक्षा के माध्यम से बच्चों में जोरावर और फतेह सिंह जैसे संस्कार डाले जाने चाहिए।





उन्होंने कहा कि सिखों के संस्कार उदात्त होते हैं। मुगल शासक जब भय के कारण धर्म परिवर्तन करा रहे थे तब भी दोनों बालक अपने धर्म से डिगे नहीं और उन्होंने शहादत स्वीकार की।



निबन्ध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों के नामों की घोषणा करते हुए मानविकी विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी



निबन्ध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करती हुई कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं मुख्य वक्ता डॉ. एस. पी. सिंह



# बालकों में ऐसे संस्कार भरें जो देशभक्ति से ओतप्रोत हों –कुलपति








प्रोफेसर सीमा सिंह
कुलपति

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि आज हम सभी को यह कोशिश करनी चाहिए कि बालकों में ऐसे संस्कार भरें जो देशभक्ति से ओतप्रोत हों। ऐसे वातावरण का सृजन करें जिससे हमारे नौजवान देश के लिए समर्पित रहें। वीर बाल दिवस पर जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत का स्मरण कराने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।








*धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्त*

राष्ट्रगान








# व्याख्यान कार्यक्रम

## ‘साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेहसिंह का व्यक्तित्व’

**26 दिसम्बर, 2022**

कार्यक्रम का नाम – ‘साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह का व्यक्तित्व’

आयोजन तिथि– **26 दिसम्बर, 2022**

कार्यक्रम का उद्देश्य – वीर बाल दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं निबन्ध प्रतियोगिता

कार्यक्रम स्थल– सरस्वती परिसर, तिलक शास्त्रार्थ सभागार

मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता– प्रो. एस.पी.सिंह, सह आचार्य संस्कृत सी.एम.पी. डिग्री कालेज प्रयागराज

अध्यक्षता – प्रो. सीमा सिंह, कुलपति, उ.प्र.रा.ट.मु.वि.वि.,प्रयागराज

आयोजक– डॉ. साधना श्रीवास्तव, असि. प्रोफेसर, मानविकी विद्याशाखा

कार्यक्रम रिपोर्ट की विस्तृत रिपोर्ट संलग्न है।